Media coverage of Workshop on Mushroom Cultivation

हमीरपुर महाविद्यालय में कार्यशाला का शुभारंभ

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में तीन दिवसीय स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार का हुआ। जिसका आयोजन इको क्लब एवं बोस बॉटनिकल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला का मु य विषय मशरूम की खेती है, जिसमें मु य प्रशिक्षक के रूप में उद्यान विभाग के रिटायर्ड उपनिदेशक डा. विद्या सागर शर्मा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। डा. शर्मा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में 42 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं और उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक विधियों, स्वरोजगार के अवसरों तथा बाजारिकरण की व्यवहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डा. कल्पना भंडारी ने बताया कि इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डा. प्रमोद पटियाल, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. विजय कुमार एवं अन्य विभागों के सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।

Divya Himachal 19/08/2025

हमीरपुर में स्वरोजगार के साथ बाजारीकरण पर किया जागरूक

हमीरपुर महाविद्यालय में स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यशाला के आरंभ पर मौजूद मुख्य अतिथि शिक्षक व विद्यार्थी • जागरण

जागरण संवाददाता, हमीरपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक महाविद्यालय हमीरपुर में सोमवार से तीन दिवसीय स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यशाला का आरंभ हुआ, जिसका आयोजन इको क्लब एवं बोस बाटनिकल सोसायटी की ओर से संयुक्त रूप से किया गया।

यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला का मुख्य विषय मशरूम की खेती है, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. विद्या सागर शर्मा, सेवानिवृत्त उपनिदेशक, उद्यान विभाग, ने मार्गदर्शन प्रदान किया। डा. शर्मा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में 42 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं और उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक विधियों स्वरोजगार के अवसरों तथा बाजारीकरण की जानकारी दी। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डा. कल्पना भंडारी ने बताया कि इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य डा. प्रमोद पटियाल, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. विजय कुमार, एवं अन्य विभागों के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।

Dainik Jagran 19/08/2025

कार्यशाला में स्टूडेंट्स ने ली मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक जानकारी

हमीरपुर | नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय कॉलेज हमीरपुर में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. विद्या सागर शर्मा ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की सैद्धांतिक जानकारी, व्यावहारिक पद्धतियां तथा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। प्रारंभिक दिवस में विषय विशेषज्ञों ने मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों का विस्तृत परिचय दिया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. कल्पना भंडारी ने बताया कि अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी प्रमाणन योजनाओं, रोजगार संबंधी अवसरों तथा इस क्षेत्र में स्वरोजगार प्रारम्भ करने की संभावनाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया तथा स्टूडेंट्स ने अनुभव साझा किए।

Dainik Bhaskar 21/08/2025

स्वरोजगार की राह दिखाएगी मशरूम की खेती

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक महाविद्यालय, हमीरपुर में शनिवार से तीन दिवसीय स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन इको क्लब और बोस बॉटनिकल सोसाइटी की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में हो रहा है। कार्यशाला का मुख्य विषय मशरूम की खेती रखा गया है। मुख्य प्रशिक्षक डॉ विद्या सागर शर्मा, सेवानिवृत्त उपनिदेशक, उद्यान विभाग ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तकनीकों, स्वरोजगार के अवसरों और मशरूम उत्पादन के बाजारीकरण की जानकारी दी।

हमीरपुर कॉलेज में कार्यशाला में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : संवाददाता

डॉ. शर्मा के पास इस क्षेत्र का 42 वर्षों से अधिक अनुभव है। आयोजन सचिव डॉ. कल्पना भंडारी ने बताया कि इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार तथा विभिन्न विभागों के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।

200 से अधिक विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन का मिलेगा व्यावसायिक मार्गदर्शन

Amar Ujala 19/08/2025

प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए

कार्यालय संवाददाता - हमीरपुर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यशाला का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डा. विद्या सागर शर्मा ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की समन्वयक डा. कल्पना भंडारी ने बताया कि अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी प्रमाणन योजनाओं, रोजगार संबंधी अवसरों तथा इस क्षेत्र में स्वरोजगार प्रारंभ करने की संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया तथा छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यशाला से मिले ज्ञान पर सराहना की। सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में डा. विद्या सागर को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्राचार्य डा. प्रमोद पटियाल ने बॉटनी विभाग के प्रयासों की

Divya Himachal 21/08/2025

विद्यार्थियों ने सीखा मशरूम उत्पादन

हमीरपुर कॉलेज में मशरूम उत्पादन की तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यशाला का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. विद्या सागर शर्मा ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की सैद्धांतिक जानकारी, व्यावहारिक पद्धतियां तथा उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रारंभिक दिवस में विषय विशेषज्ञों ने मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों का विस्तृत परिचय दिया।

दूसरे दिन प्रतिभागियों को विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. कल्पना भंडारी ने बताया कि अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी प्रमाणन योजनाओं, रोजगार संबंधी अवसरों तथा इस क्षेत्र में स्वरोजगार प्रारंभ करने की संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया तथा विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यशाला से मिले ज्ञान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। स्रोत : संस्थान

कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में डॉ. विद्या सागर को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने बॉटनी विभाग के प्रयासों की सराहना की तथा कार्यशाला की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

Amar Ujala 21/08/2025

प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में कार्यशाला के समापन पर मौजूद विद्यार्थी स्टाफ व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, हमीरपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में मशरूम उत्पादन कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गई। वनस्पति विज्ञान विभाग की ओस से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डा. विद्या सागर शर्मा ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की प्रदान की। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी, व्यावहारिक पद्धतियां और हैंड्स-आन प्रशिक्षण दिया गया। पहले दिन विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक विधियों का परिचय कराया। दूसरे दिन व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। अंतिम दिन प्रतिभागियों को सरकारी प्रमाणन योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यशाला से मिली जानकारी पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। समापन समारोह में डा. विद्या सागर को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्राचार्य डॉ प्रमोद पटियाल ने वनस्पती विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की उम्मीद जताई।

Dainik Jagran 21/08/2025